

# किशोर को मगरमच्छ ने दबोचा, साहस-संघर्ष से मौत को दी मात

## रामनगर के कुदरी खुर्द गांव की घटना, अस्पताल में उपचार जारी

नवभारत न्यूज

**सतना 9 अप्रैल. हर रोज की तरह बकरियां चराने के बाद उन्हें पानी पिलाने के लिए किशोर जलाशय के किनारे जाकर खड़ा हो गया.**

इसी दौरान पानी में छिपा मगरमच्छ बिजली की गति से बाहर निकला और किशोर के पैर को जकड़ लिया. लेकिन किशोर ने भी हिम्मत हारने के बजाए अदम्य साहस का परिचय दिया और कठिन संघर्ष करते हुए मौत को मात दे दी. मगरमच्छ के वापस पानी में चले जाने के बाद किशोर ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया. जिसके बाद उसे घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया.





प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदरी खुर्द गांव के निवासी 17 वर्षीय किशोर अजय कोल पिता रामप्रसाद कोल हर रोज की तरह बकरियों को चराने के लिए घर से निकले. गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे बकरियों को चराने के बाद अजय ने उन्हें पानी पिलाने की सोची और इसके लिए बाणसागर क्षेत्र से सटे एक तालाब की ओर ले गए. अजय तालाब के किनारे खड़े हो गए और बकरियां पानी पीने लगीं. लेकिन इसी दौरान पानी मे छिपा एक मगरमच्छ बिजली की गति से अचानक बाहर निकला. मगरमच्छ ने देखते ही देखते अजय के बाएं पैर की पिण्डली को अपने जबड़े में जकड़ लिया. इससे पहले कि अजय कुछ समझ पाते उनके पैर को जकड़े हुए मगरमच्छ उन्हें पानी के अंदर खींचने लगा. जिसके चलते अजय असंतुलित होकर नीचे गिर गए. लिहाजा अजय को अपने सामने मौत स्पष्ट तौर पर नजर आने लगी. लेकिन इस परिस्थिति में हिम्मत हारने के बजाए अजय ने अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना शुरु कर दिया. मगरमच्छ से बचने के लिए अजय ने आस पास मौजूद मिट्टी, पत्थरऔर लकड़ी से हमला करना शुरु कर दिया. इतना ही नहीं बल्कि अजय में इस बात की पूरी कोशिश की कि मगरमच्छ उन्हें पानी के अंदर ले जाने में सफल न हो सके. लगभग 15-20 मिनट तक लगातार संघर्ष करते रहने का परिणाम यह हुआ कि आखिरकार मगरमच्छ को अजय का पैर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ गया. अजय का पैर छोड़ते ही मगरमच्छ पानी में चला गया. जैसे ही मगरमच्छ की पकड़ी छूटी वैसे ही बुरी तरह घायल अजय ने शोर मचाकर आस पास के लोगों तक आवाज पहुंचाई. देखते ही देखते ग्रामीण वहां पहुंच गए. घायल अजय को फौरन ही उपचार के लिए रामनगर स्थित सिविल अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर उन्हें भर्ती कर उपचार शुरु हुआ. उपचार कर रहे चिकित्सकों के अनुसार अजय के पैर में गंभीर चोट आई है, लेकिन फिलहाल वह खतरे से बाहर है. इस घटना की जानकारी पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई. जिन्होंने ने भी सुना वे अजय के साहस और संघर्ष की जमकर तारीफ किए बिना नहीं रह सके.

### ठोस कदम उठाने की मांग

घटना की जानकारी सामने आने पर एक ओर जहां अजय के साहस की तरीफ की गईई. वहीं दूसरी ओर वहां के रहवासी ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से ठोस कदम उठाए जाने की मांग की. स्थानीय रहवासी संतराम कोल के अनुसार यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में इस तरह की घटनाएं और बढ़ सकती हैं. इसी कड़ी ग्रामीणो ने यह मांग भी की कि संवेदनशील क्षेत्रों ने न सिर्फ चेतावनी संकेतक लगाए जाएं बल्कि लोगों को जागरुक भी किया जाए. जिससे स्थानीय रहवासियों के जानमाल की रक्षा सुनिश्चित हो सके.

### किए जाएंगे सुरक्षा इंतजाम

घटना की जानकारी सामने आने पर रामनगर क्षेत्र के वन परिक्षेत्राधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी द्वारा भी घटना की पुष्टि की गई. रेंजर के अनुसार वन अमले की टीम को घायल किशोर के पास भेजा गया. विस्तृत चर्चा करते हुए घटना के संबंध में जानकारी जुटाई गई है. इसके साथ ही वन अमले द्वारा घटनास्थल का भी निरीक्षण कर वस्तु स्थिति को समझने का प्रयास किया गया. समूची जानकारी उपलब्ध होने के बाद तालाब क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे. इसी कड़ी में ग्रामीणों को भी सतर्कता बरतने की चेतावनी दी गई है.



# बारापत्थर गोलीकाण्ड का फरार आरोपी व सहयोगी गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त पिस्टल-कारतूस और मोटरसाइकिल जब्त

नवभारत न्यूज

**सतना 9 अप्रैल. जिले के नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत बरापत्थर में महीने भर पहले गोली मारकर हत्या व घायल करने की घटना सामने आई थी. इस मामले में पुलिस ने फरार एक आरोपी समेत उसके 2 सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गए आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल-कारतूस और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है.**

थाना प्रभारी नागौद अशोक पाण्डेय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 मार्च की रात लगभग साढ़े 9 बजे बारापत्थर गांव में बबलू यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. जबकि पैर में गोली लगने के कारण राणा यादव बुरी तरह घायल हो गए थे. मृतक बबलू यादव को 3 गोलियां मारी गई थीं. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु की. विवेचना के दौरान जहां मुख्य आरोपी के तौर पर चंदन यादव का नाम सामने आया वहीं दूसरे आरोपी के तौर पर आलोक सोनी की पहचान हुई. पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी. लेकिन संजय साकेत और प्रेम पुरवार द्वारा आरोपियों को छिपाने में लगातार सहयोग किया जा रहा था. इसी दौरान पुलिस को सटीक सूचना मिली. जिसके आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी संजय सोनी 27 वर्ष निवासी रामना टोला नागौद को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी की तस्दीक पर एक पिस्टल व जिंदा करतूस के साथ मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया. इसी कड़ी में आरोपी की फरारी में लगातार सहयोग करते आ रहे संजय साकेत 31 वर्ष निवासी सिधौली और प्रेम पुरवार 18 वर्ष निवासी नागौद को भी गिरफ्तार कर लिया गया.

# ट्रैक्टर-ट्रॉली चुराने के तीन आरोपी गिरफ्तार

## चोर गिरोह के सरगना कि तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 अप्रैल. मैहर जिले की रामनगर पुलिस ने एक महीने पहले चोरी हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि वाहन चोर गिरोह का मुख्य सरगना अभी भी फरार है।**

पुलिस के अनुसार, यह घटना बीते 13 मार्च की रात को हुई थी। झिन्ना गांव निवासी महेंद्र कुमार शुक्ला के घर के बाहर से उनका ट्रैक्टर-ट्रॉली अज्ञात बदमाशों ने चुरा लिया था। पीड़ित ने अगले दिन रामनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। लगभग एक महीने की गहन छानबीन के बाद, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। इस



सूचना के आधार पर जट्ठहा गांव के पास घेराबंदी की गई। पुलिस ने एक लाल रंग के बिना नंबर वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। चेसिस और इंजन नंबर की जांच करने पर उसकी पहचान महेंद्र शुक्ला के चोरी हुए वाहन के रूप में हुई।

### बेचने के फिराक में धराए

पुलिस ने 9 लाख रुपए कीमत के इस ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। मौके से तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया। इनकी पहचान अनमोल जायसवाल (20 वर्ष, निवासी बाणसागर, थाना देवलोंध), हरिओम बैश (21 वर्ष, निवासी चचाई, जिला शहडोल) और अभिषेक शर्मा (19 वर्ष, निवासी बूढाबाउर, थाना रामनगर) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की थी और उसे बेचने की फिराक में थे। रामनगर पुलिस अब इस मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी की तलाश कर रही है।

# एडीआरएम ने सतना जंक्शन का किया निरीक्षण

## रनिंग रूम से लेकर एआरटी तक की जांच, यात्रियों की सुरक्षा पर रहा फोकस

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 अप्रैल. पश्चिम मध्य रेलवे के एडीआरएम सुनील टेलर गुरुवार सुबह सतना जंक्शन के रूटीन निरीक्षण पर पहुंचे, जहां उन्होंने रेलवे की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन मुआयना किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।**

निरीक्षण के दौरान एडीआरएम ने एआरटी (दुर्घटना राहत यान), एआरएमवी, गार्ड-ड्राइवर लॉबी और रनिंग रूम का बारीकी से अवलोकन किया।



दुर्घटना राहत यान का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सभी उपकरणों की स्थिति जांची और स्टेशन अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह यान 24 घंटे त्वरित कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। उन्होंने फरुर्ट एड बॉक्स, आवश्यक दवाइयों और बैण्डेज आदि की उपलब्धता और गुणवत्ता भी परखी। इसके साथ ही आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया।

### रनिंग स्टाफ के बुकिंग रिकॉर्ड को देखा

गार्ड-ड्राइवर लॉबी में एडीआरएम ने रनिंग स्टाफ के बुकिंग रिकॉर्ड और हस्ताक्षरों की जांच की तथा परिचालन से जुड़े कर्मचारियों के अवकाश संबंधी जानकारी भी ली। इसके बाद उन्होंने रनिंग रूम पहुंचकर वहां की साफ-सफाई, पेयजल और फैन-कूलर जैसी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि रनिंग स्टाफ, विशेष रूप से ड्राइवरों के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वे बेहतर तरीके से अपनी ड्यूटी निभा सकें और हमेशा स्फूर्तिवान बने रहें।

# खेतों में लगी आग से 6 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

## ठास पर खेती करने वाले किसान को लाखों का नुकसान

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 अप्रैल. जिले के कोठी थाना अंतर्गत बगिया गांव में गुरुवार को खेत में अचानक आग लग गई। इस घटना में दो किसानों की लगभग 6 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग पर काबू पाने में दमकल कर्मियों और ग्रामीणों को करीब दो घंटे का समय लगा।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार दोपहर लगभग 3ः30 बजे बगिया निवासी आसमनी कुशवाहा के खेत में आग भड़क उठी। आग




इतनी तेजी से फैली कि उसने पड़ोस के खेत को भी अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी में आसमनी कुशवाहा की 5 एकड़ और श्यामलाल कुशवाहा की 1 एकड़ में लगी पकी खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह जल गई। किसानों को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। आसमनी कुशवाहा ने 6 एकड़ खेत किराए पर लेकर खेती की थी।

सूचना मिलने पर कोठी नगर परिषद का दमकल वाहन मौके पर पहुंचा। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। कोठी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हल्का पटवारी द्वारा शुक्रवार को किसानों को हुई क्षति का आकलन किया जाएगा।

### जंगल में भड़की आग

जिले के मझगवां वन परिक्षेत्र अंतर्गत बरहा वीट के जंगल में भीषण आग लगने की घटना गुरुवार को सामने आई। आग इतनी तेजी से फैली कि प्लांटेशन भी आया आग की चपेट में आ गया। आलम यह रहा कि आग फैलते हुए सड़क तक पहुंचने लगी। धू धू कर जल रहे जंगल को देख वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। हालांकि वन अमले द्वारा उपलब्ध सीमित संसाधनों के जरिए आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। लेकिन आग की भयावहता के आगे वे भी बेबस नजर आए।

# मैहर पुलिस विभाग में हुए फेरबदल

**सतना, 9 अप्रैल.** मैहर पुलिस विभाग में प्रशासनिक आधार पर फेरबदल करते हुए पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह ने पांच अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार कार्य. निरीक्षक रेनु मिश्रा को थाना प्रभारी देहात से पुलिस लाइन, कार्य.निरीक्षक पंचराज सिंह को पुलिस लाइन से थाना प्रभारी देहात भेजा गया है। वहीं कार्य. उपनिरीक्षक भैयालाल कोल को थाना रामनगर से थाना अमरपाटन स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा कार्य.सहायक उपनिरीक्षक शशिकांत पयासी को थाना अमदरा से यातायात मैहर तथा कार्य. सहायक उपनिरीक्षक अवधराज सिंह को पुलिस लाइन से थाना अमदरा पदस्थ किया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## एक नजर में




### भारत विकास परिषद के अजय अध्यक्ष व राजेश सचिव बने

**सतना,** संपर्क, सहयोग, समर्पण, संस्कार, सेवा जैसी मानवीय भावना से ओत-प्रोत राष्ट्रीय संगठन भारत विकास परिषद सतना का वार्षिक अधिवेशन रविवार को रामवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संपूर्ण वंदे मातरम एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ, तत्पश्चात अध्यक्ष विजय गुप्ता एवं सचिव शिवम भारतीय ने सभी का अभिनंदन करते हुए वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती सोनिया खंडेलवाल ने आय-व्यय प्रस्तुत किया जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया तत्पश्चात पुरानी कार्यकारिणी भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया. इस मौके पर विंध्य प्रांत अध्यक्ष योगेश जैन तथा वरिष्ठ पदाधिकारी जितेंद्र जैन, ललित माहेश्वरी, प्रदीप जैन, गोपाल धूत की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### प्रो .(डॉ) सुमेर सिंह शैलेश की जयंती पर कार्यक्रम आज

**सतना.** नगर का साहित्य एवं कलासेवी मंच गीतम साहित्यिक संस्थाओं एवं साहित्यकारों से संयुक्त होकर अभिनव विद्यापति, गीतर्षि सम्मानों से समलंकृत कीर्तिशेष प्रो. (डॉ.) सुमेर सिंह शैलेश जयंती दिनांक 10 अप्रैल 2026 को साहित्यकार दिवस के रुप में मनाने के लिये क्रियाशील है, यह कार्यक्रम सचिन पैलेस के सभागार में अपरान्ह3 बजे से आयोजित होगा। प्रथम सत्र में दीप प्रज्वलन, विचार उदबोधन, अभिनन्दन, समर्थन एवं अप्रतिम गीतकार साहित्यकार विध्य के गौरव डॉ. शैलेश पर केन्द्रित साहित्यिक वैचारिक विमर्श को कार्यक्रम संपन्न होगा। द्वितीय सत्र में वरेण्य साहित्यकारों रचनाकारों का सम्मान सारस्वत अभिनन्दन व अखिल भारतीय काव्यनिया का कार्यक्रम किया जायेगा जिसमें कई ख्यातिलब्ध कविगण अपनी कविताओं से उपस्थित श्रोताओं व काव्यप्रेमियों को आनन्दविभोर करेंगे। संयोजक प्रो . तेजभान सिंह तेज और प्रभांशु कमल द्वारा सभी साहित्य प्रेमियों से पहुंचने की अपील की गयी है।

### स्वर संगम का सतना में आडीशन आज

**सतना.** सतना की सांस्कृतिक व सामाजिक संस्था यूथ कल्चरल क्लब द्वारा आयोजित की जा रही स्वर संगम 2026 फिल्मी गीत गायन प्रतियोगिता के अंतिम चरण का आडीशन राउंड आज सतना के भुंजवा मोहल्ला स्थित नव निर्मित कम्युनिटी हाल में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। उक्त आडीशन में जजमेंट के लिए निर्णायक गण श्री अतुल मर्चेंट व डा. श्यामरंग शुक्ल मुंबई से सतना आ चुके हैं। वे आडीशन, सेमीफाइनल व फाइनल में प्रतिभागियों का स्वर परीक्षण करेंगे। फाइनल हेतु मिसेज कलेक्टर नमामि सोनकिया जी भी तीसरे निर्णायक के रूप में उपस्थित रहेंगी।

### भारतीय सिंधू सभा आज मनाएगी सिन्धी भाषा दिवस

**सतना।** राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था भारतीय सिंधू सभा द्वारा 10 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 9ः00 बजे से 10ः00 बजे तक सिन्धी कॉलोनी स्थित श्री मनोहर धाम में महंत स्वामी संतोखदास जी के मुख्य आतिथ्य एवं संस्थाध्यक्ष श्री अशोक चांदवानी जी की गरिमामय उपस्थिति में सिन्धी भाषा दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### रामचरित कांग्रेस एससी. प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत

**सतना,** रामचरित वर्मा वरिष्ठ समाज सेवी ग्राम पवैया को अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के मार्गदर्शन में सतना जिले के अनुसूचित जाति विभाग का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है. अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद श्री वर्मा ने नेशनल कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एस.सी. प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी गौतम एस.सी. प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रदेश अध्यक्ष एस.सी. प्रदीप अहिरवार एवं सतना जिला अध्यक्ष विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को आभार प्रकट किया.



# इनक्यूबेशन सेंटर में इंटर्नशिप ड्राइव 4 .0 आयोजित

## पेड बेसिस पर चयनित हुए 27 अभ्यर्थी

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 अप्रैल. कलेक्टर सतीश कुमार एस एवं ईडी सतना स्मार्ट सिटी शेर सिंह मीणा के निर्देशन में सतना स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा इंटर्नशिप ड्राइव 4.0 आयोजित किया गया।**

इस ड्राइव में 140 से अधिक छात्रों ने भाग लेते हुए विभिन्न कंपनियों के साथ इंटरव्यू दिए। सतना और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने करियर की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इस आयोजन में कई प्रतिष्ठित स्टार्टअप्स एवं कंपनियों ने भाग लिया, इन कंपनियों द्वारा छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में अवसर प्रदान किए गए। इस ड्राइव के माध्यम से कुल 27 छात्रों को पेड बेसिस पर चयनित किया गया, वहीं 35 छात्रों को सर्टिफिकेट बेसिस इंटर्नशिप का अवसर मिला। इसके अलावा, 15 छात्रों को अगले चरण के लिए चयनित किया गया है, जो आगे की चयन प्रक्रिया में भाग लेंगे। इस दौरान सतना स्मार्ट सिटी से मैनेजर ई गवर्नेंस दीपेंद्र सिंह राजपूत, शांतनु सिंह, संजना सिंह, विष्णुकांत चौरसिया उपस्थित रहे।

# खिलाड़ी बन सकते हैं जिला क्रिकेट संघ के सदस्य

**सतना, 9 अप्रैल.** जिला क्रिकेट एसोसिएशन की सदस्यता के लिए पूर्व खिला?ियो के आवेदन आमंत्रितकिए गए हैं. यह जानकारी देते हुए संघ के उमेश तिवारी ने बताया कि जो भी सतना जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य बनना चाहते उन्हें डिविजन, स्टेट या यूनिवर्सिटी खेलने के साक्ष्य देने होंगे.सदस्यता फॉर्म सिंधी कैंप स्थिति व्यवसायी राजेश कैला के ऑफिस में उपलब्ध होंगे.श्री तिवारी ने बताया कि 100 रुपये की शुल्क अदा कर मिलने वाला आवेदन वही जमा होगा.

# जैन सोशल ग्रुप ने मनाया नवकार दिवस




नवभारत न्यूज

**सतना,9 अप्रैल. श्री दिगंबर जैन सोशल ग्रुप, सतना मेन द्वारा मंदिर जी में विश्व नवकार महामंत्र दिवस का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति के साथ संपन्न हुआ।**

इस पावन अवसर पर परम पूज्य निर्यापक श्रमण 108 श्री समता सागर जी महाराज, 108 श्री पवित्र सागर जी महाराज एवं आर्यिका गुणमति माताजी ससंघ के दिव्य सानिध्य में समस्त समाज ने एकत्रित होकर नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया। महाराज श्री के मुखारविंद से निकले नवकार मंत्र के पावन स्वर ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। अपने मंगल प्रवचनों में महाराज श्री ने जैन धर्म के मूल सिद्धांत—अहिंसा, संयम एवं आत्मशुद्धि—को जीवन में अपनाने का संदेश दिया ।महाराज श्री ने श्री दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की धार्मिक एवं सामाजिक सक्रियता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए समस्त सदस्यों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया एवं समाज में ऐसे आयोजनों के निरंतर संचालन हेतु प्रेरित किया।

# दिव्यांग शिविर में शामिल हुए सांसद, वितरित किए सहायक उपकरण

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 अप्रैल. मैहर के सूचना पर्यटन केंद्र में आयोजित दिव्यांग शिविर के दौरान गुरुवार को सांसद गणेश सिंह ने दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए और उनका सम्मान भी किया।**

यह शिविर उत्थान सेवा फाउंडेशन द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार कृत्रिम हाथ-पैर, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र, कैलिपर्स और वैशाखी जैसे उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। खास बात यह है कि यहां पर ही




नाप लेकर मौके पर 'जयपुर फुट' भी तैयार कर दिया जा रहा है, जिससे लाभार्थियों को तत्काल सुविधा मिल रही है। सांसद ने कहा कि मानव जीवन की सबसे बड़ी सेवा पीड़ित मानवता और नर-नारायण की सेवा है। इसी भावना के साथ सतना और मैहर जिले के सभी विधानसभा मुख्यालयों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण आसानी से उपलब्ध कराए जा सकें। गणेश सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके संसदीय क्षेत्र में समय-समय पर ऐसे शिविर लगाकर दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रयास यह है कि सतना और मैहर जिले का कोई भी दिव्यांग व्यक्ति जरूरी सहायक उपकरणों से वंचित न रहे और हर पात्र व्यक्ति तक सहायता पहुंचे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इन शिविरों के माध्यम से शत-प्रतिशत दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और कोई भी लाभार्थी निराश होकर वापस नहीं जाएगा।